(1)

**मध्यप्रदेश शासन**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग**
**मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल**

क्रमांक एफ 11—03/2017/2/34 भोपाल, दिनांक 15 JUN 2017

**आदेश**

1. शासन के समसंख्यक आदेश दिनांक 25 जनवरी 2017 से प्रमुख अभियंता कार्यालय स्तर पर एक तथा प्रत्येक मुख्य अभियंता कार्यालय स्तर पर एक—एक **"निविदा प्रकोष्ठ"** (Procurement Cell) का गठन किया गया था। अपेडिक्स 2.10 एवं फार्म—एफ की समस्त निविदायें उक्त निविदा प्रकोष्ठों के माध्यम से आमंत्रित किये जाने के आदेश दिये गये थे।

2. प्रमुख अभियंता की अध्यक्षता में गठित तकनीकी समिति की बैठक दिनांक 29.05.2017 में अनुशंसा की गई कि विभाग में कम लागत के कार्यो के त्वरित क्रियान्वयन हेतु निविदा आमंत्रण के अधिकार संबंधित जिले के कार्यपालन यंत्री को दिये जाये। राज्य शासन इस अनुशंसा को स्वीकार करते हुये एतद् द्वारा रूपये 10 लाख तक की लागत के अपेंडिक्स 2.10 आधारित निविदाओं के आमंत्रण के अधिकार कार्यपालन यंत्री को सौंपता है। ऐसी निविदाओं की स्वीकृति विभागीय नियम प्रक्रियाओं एवं वित्तीय संहिता में वर्णित शक्तियों के अनुसार की जाये।

3. खण्ड कार्यालय से आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं के लिफाफा — अ, ब एवं स पर निर्णय निम्नानुसार गठित "खण्ड स्तरीय निविदा निराकरण समिति" द्वारा लिया जायेगा :—

| | | |
|---|---|---|
| 1. कार्यपालन यंत्री | — | अध्यक्ष |
| 2. संभागीय लेखाधिकारी | — | सदस्य सचिव |
| 3. सहायक यंत्री संबंधित उपखण्ड | — | सदस्य |
| 4. वरिष्ठ लेखा लिपिक (एस.ए.सी.) | — | सदस्य |

(उक्त समिति के किसी सदस्य का पद रिक्त होने अथवा उसके अनुपलब्ध होने की स्थिति में कार्यपालन यंत्री द्वारा अन्य सदस्य को नामित किया जा सकेगा)

4. **निविदा आमंत्रण की कार्यवाही हेतु दिशा—निर्देश :—**

4.1 कार्यपालन यंत्री द्वारा निविदा संबंधी समस्त कार्य जैसे निविदायें आमंत्रित करना, प्रकाशन, तकनीकी प्रस्ताव एवं वित्तीय प्रस्ताव खोलना एवं उन पर निर्णय हेतु "खण्ड स्तरीय निविदा निराकरण समिति" की बैठक का आयोजन, बैठक का कार्यवाही विवरण तैयार करना आदि कार्य किये जायेंगे।

4.2 कार्यपालन यंत्री द्वारा सक्षम अधिकारी से अनुमोदन प्राप्त कर निविदा का आमंत्रण (ई—टेंडरिंग) www.mpeproc.gov.in पोर्टल पर किया जायेगा। निविदा आमंत्रण की सूचना संबंधित मण्डल एवं परिक्षेत्र कार्यालय को देना अनिवार्य होगा।

4.3 निविदा आमंत्रण की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के लिये कार्यपालन यंत्री द्वारा जनसम्पर्क विभाग को पत्र जारी किया जायेगा।

क्रमशः ......2

4.4 अपेंडिक्स 2.10 की निविदाओं के संबंध में यदि संभावित निविदाकारों के साथ Pre-Bid बैठक की आवश्यकता प्रतीत हो, तो इस हेतु निविदा आमंत्रण सूचना की Key Dates में इस बैठक का उल्लेख किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालन यंत्री करेंगे। यदि निविदा दस्तावेजों में किसी प्रकार का संशोधन करना आवश्यक हो, तो उनका संशोधन ऑनलाईन अपलोड किया जायेगा। सामान्यतः यह कार्यवाही प्री-बिड बैठक के अगले दिन 5.30 PM तक पूर्ण कर लेनी चाहिये।

5. **निविदा के अनिवार्य (Mandatory) प्रस्ताव लिफाफा-अ (Envelope-A), तकनीकी प्रस्ताव लिफाफा-ब (Envelope-B) एवं वित्तीय प्रस्ताव लिफाफा-स (Envelope-C) खोलना व उस पर निर्णय :-**

**(क) लिफाफा अ (Envelope-A) :-**

i. ऑनलाइन निविदा में भाग लेने वाले प्रत्येक निविदाकार के लिये अनिवार्य होगा कि वह निम्न दस्तावेज निविदा से संबंधित खण्ड कार्यालय में निर्धारित समय-सीमा में भौतिक रूप से जमा करें :-

अ- पंजीयन (Registration)/पंजीयन हेतु आवेदन जमा करने का साक्ष्य (दस्तावेज) की स्व-प्रमाणित छायाप्रति
ब- निर्धारित प्रारूप में अपनी संस्थागत जानकारी (Organisational Details)
स- निविदा प्रपत्र क्रय करने की रसीद की प्रति
द- धरोहर राशि (Earnest Money Deposit, EMD) की मूलप्रति
इ- शपथ-पत्र (Affidavit) की मूलप्रति (परिशिष्ट-एक अनुसार)
फ- चेक लिस्ट (Check list) (परिशिष्ट-दो के अनुसार)

ii. सभी निविदाकार निविदा भरते समय लिफाफा-अ के उपरोक्त समस्त दस्तावेज स्कैन कर पोर्टल पर अपलोड करेंगे। यदि उक्त दस्तावेजों की स्कैन कापी अपलोड नहीं की जाती है अथवा उक्त दस्तावेज निर्धारित दिनांक व समय तक संबंधित खंड कार्यालय में भौतिक रूप से प्राप्त नहीं होते हैं, तो यह निविदाकार को तकनीकी रूप से अर्ह (Qualified) नहीं माना जाने का पर्याप्त कारण होगा।

iii. ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं के अनिवार्य प्रस्ताव निर्धारित दिनांक को कार्यपालन यंत्री अपने डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग कर खोलेंगे।

iv. जहॉ लिफाफा-अ में सभी आवश्यक दस्तावेज नहीं पाये जाते हैं, अथवा लिफाफा-अ की भौतिक प्रति एवं स्कैन प्रति में अंतर पाया जाता है तो ऐसे निविदा प्रस्ताव (Bid) को कार्यपालन यंत्री द्वारा अमान्य किया जा सकेगा तथा लिफाफा-ब एवं स नहीं खोले जायेंगे। इसके अतिरिक्त यदि उक्त दस्तावेज निविदा शर्तो के अनुरूप नहीं पाये जाते हैं तो भी कार्यपालन यंत्री कारण दर्शाते हुये संबंधित निविदा प्रस्ताव को अमान्य कर सकेगा। संबंधित निविदाकार को कार्यपालन यंत्री इसकी लिखित में सूचना देगा।

v. जो निविदाकार उपरोक्त कंडिका के अनुसार अयोग्य घोषित नहीं किये गये हों, उनके निविदा प्रस्ताव के लिफाफा-अ के समस्त दस्तावेजों की जॉच/सत्यापन कार्यपालन यंत्री द्वारा किया जायेगा। कार्यपालन यंत्री की जाँच/ सत्यापन के उपरांत उपलब्ध तथ्य (यदि कोई हों) को शामिल करते हुये लिफाफा-अ से

क्रमशः ......3

संबंधित दस्तावेजों पर अर्हता संबंधी निर्णय (कंडिका 3 अनुसार गठित समिति द्वारा लिफाफा–ब के दस्तावेजों पर निर्णय लेने के पूर्व) लिया जायेगा।

**(ख) लिफाफा–ब (Envelope-B) :-** (यदि लागू हो तो)

i. तकनीकी प्रस्ताव ऑनलाइन लिफाफा–ब निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यपालन यंत्री द्वारा खोला जायेगा। लिफाफा–ब खुलने के पश्चात निविदाकारों के तकनीकी प्रस्ताव पर निर्णय हेतु आयोजित की जाने वाली बैठक का एजेण्डा (परिशिष्ट–तीन) कार्यपालन यंत्री द्वारा तैयार किया जावेगा। इस बैठक में सर्वप्रथम लिफाफा–अ के संबंध में अर्हता का निर्णय लिया जायेगा। लिफाफा–अ के संबंध में अर्ह पाये गये निविदाकारों के प्रस्तावों पर ही आगे विचार किया जायेगा। इस हेतु निविदाकारों द्वारा लिफाफा–ब में प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों का आवश्यक परीक्षण कर अर्हता पर निर्णय किया जायेगा।

ii. निविदाकार द्वारा लिफाफा–अ एवं लिफाफा–ब में ऑनलाईन अपलोड किये गये दस्तावेजों तथा लिफाफा–अ के अनुसार जमा किये गये भौतिक दस्तावेजों के अलावा अन्य किसी दस्तावेज को अर्हता निर्धारित करने में उपयोग नहीं किया जायेगा। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के संबंध में आवश्यकता होने पर स्पष्टीकरण (Clarification) म0प्र0 शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पत्र क्रमांक एफ 16–140/ 2012/2/34 दिनांक 15.06.2017 के अनुसार प्राप्त किये जा सकेंगे। यहाँ उल्लेखनीय है कि ई–टेंडरिंग में भाग लेने वाला प्रत्येक निविदाकार केवल डिजिटल हस्ताक्षर के द्वारा ही दस्तावेज अपलोड करता है एवं आई.टी. कानून के अनुसार डिजिटल हस्ताक्षर से प्रस्तुत किया गया कोई भी दस्तावेज कानूनी मान्यता रखता है।

iii. तकनीकी प्रस्ताव में निविदाकार द्वारा ई–टेंडरिंग के माध्यम से जमा किये गये दस्तावेजों के सत्यापन की कार्यवाही कार्यपालन यंत्री द्वारा की जायेगी, किन्तु तकनीकी प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु इन सत्यापन के परिणामों की प्रतीक्षा नहीं की जायेगी। तथापि यदि संबंधित निविदा में भाग ले रहे अन्य निविदाकार/निविदाकारों द्वारा किसी निविदाकार विशेष द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के संबंध में शपथ–पत्र के माध्यम से कोई आक्षेप/Objection प्रस्तुत किया जाता है तो उस निविदा के वित्तीय प्रस्ताव (लिफाफा–स) खोलने की तिथि को आगे बढ़ाकर दस्तावेज/दस्तावेजों की जाँच शीघ्रता से की जायेगी। जाँच उपरांत तकनीकी प्रस्ताव में अर्ह्य निविदाकार के संबंध में उपयुक्त निर्णय खण्ड स्तरीय समिति द्वारा लिया जायेगा।

**(ग) लिफाफा–स (Envelope-C) :-**

i. लिफाफा–स खोलने की तिथि एवं समय निविदा आमंत्रण सूचना में अधिसूचित होंगे। निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यपालन यंत्री वित्तीय प्रस्ताव लिफाफा–स खोलेंगे।

ii. कार्यपालन यंत्री उपरोक्त निविदा निराकरण समिति की बैठक का प्रारूप एजेण्डा नोट संलग्न परिशिष्ट–दो में तैयार कर प्राप्त दरों के विश्लेषण के साथ समिति की बैठक में भाग लेंगे। उक्त समिति असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर प्राप्त वित्तीय प्रस्ताव के निराकरण के संबंध में उसी दिन निर्णय लेगी। समिति के निर्णय को निर्धारित प्रारूप (संलग्न परिशिष्ट–चार) में तैयार किया जायेगा जिस पर समिति के सभी सदस्य हस्ताक्षर करेंगे।

क्रमशः ...... 4

iii. निविदा निराकरण समिति की अनुशंसा प्राप्त होने पर यदि शासकीय नियम/प्रक्रिया के अनुसार निविदा के निराकरण के लिये कार्यपालन यंत्री सक्षम प्राधिकारी हो तो वह निविदा निराकरण संबंधी पत्र जारी करेगा तथा उसी दिन Letter of Acceptance जारी करेगा, और इसे www.mpeproc.gov.in पोर्टल पर तथा विभाग की वेबसाईट पर उसी दिन अपलोड करेगा। यदि कार्यपालन यंत्री निविदा निराकरण के लिये सक्षम प्राधिकारी न हो तो वह प्रकरण को सक्षम प्राधिकारी को उसी दिन समिति की अनुशंसा सहित प्रेषित करेगा।

**7. निविदा आमंत्रण एवं निराकरण हेतु अन्य दिशा–निर्देश :–**

i. यदि निर्धारित दिनांक (Key Dates) पर अप्रत्याशित कारणों से शासकीय अवकाश घोषित होता है तो उक्त तिथि से संबंधित कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जावेगी। यदि निविदा ऑनलाईन जमा करने की तिथि (Bid Submission Date) को किसी कारणवश बैंक/पोस्ट आफिस बंद रहते हैं/या बंद रहने की संभावना है तो Key Dates में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

ii. कार्यपालन यंत्री निर्धारित दिनांक (Key Dates) में किसी भी कारण से परिवर्तन करने के लिये सक्षम होगा। इसके अतिरिक्त वह निविदा आमंत्रण सूचना में किसी लिपिकीय /टंकण त्रुटि में आवश्यक सुधार (Correction) करने के लिये भी सक्षम होगा। ऐसे किसी भी सुधार/परिवर्तन की सूचना उसके द्वारा तत्काल www.mpeproc.gov.in पोर्टल पर प्रदर्शित की जायेगी।

iii. सामान्यतः निविदायें, प्राप्ति के दस दिवस के भीतर निराकृत की जावेंगी। ऐसी प्रत्येक निविदा जिसका निराकरण प्राप्ति के दस दिवस के भीतर न हो, के संबंध में कार्यपालन यंत्री कारण बताते हुये एक प्रतिवेदन मुख्य अभियंता को प्रेषित करेगा।

iv. समस्त निविदायें ई–टेंडरिंग के माध्यम से ही आमंत्रित की जावेंगी तथा निविदा संबंधी संशोधन पोर्टल पर ही प्रकाशित किये जावेंगे। निविदा संबंधी संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा।

v. अप्रत्याशित स्थिति एवं प्राकृतिक आपदा की स्थिति में आवश्यक कार्यो के लिये निविदाओं को ई–टेण्डर प्रक्रिया से छूट रहेगी, किन्तु इस हेतु प्रमुख अभियंता से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जिन निविदाओं में निविदा आमंत्रण सूचना जारी हो चुकी है वे इस आदेश से अप्रभावित रहेगी।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

म.प्र. के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

15/6/2017

(राजेश शाक्यवार)
उपसचिव
मध्य प्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी विभाग

क्रमशः ......5

पृष्ठा. क्र./ एफ 11–03/2017/2/34 भोपाल, दिनांक 15 JUN 2017

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, म0प्र0 शासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग।
2. प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन, वित्त विभाग।
3. प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मध्य प्रदेश भोपाल।
4. मुख्य महाप्रबंधक, म0प्र0 जल निगम मर्यादित, भोपाल।
5. मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, परिक्षेत्र भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, वि./यॉ. परिक्षेत्र भोपाल।
6. अधीक्षण यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, .................. मण्डल (समस्त)।
7. कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड .......................... (समस्त)।

15/6/2017

उपसचिव
मध्य प्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी विभाग

परिशिष्ट–एक

(See clause 3 of Section 1 -NIT )

## || AFFIDAVIT ||

**(To be contained in Envelope A)**

**(On Non Judicial Stamp of Rs. 50)**

I/we ______________________________ who is/ are ______________ (status in the firm/ company) and competent for submission of the affidavit on behalf of M/S ______________ (contractor) do solemnly affirm an oath and state that:

I/we am/are fully satisfied for the correctness of the certificates/records submitted in support of the following information in bid documents which are being submitted in response to notice inviting e-tender No. ________ for ______________ (name of work) dated ______ issued by the __________ (name of the department).

I/we am/ are fully responsible for the correctness of following self-certified information/ documents and certificates:

1 That the self-certified information given in the bid document is fully true and authentic.

2 That:

a. Term deposit receipt deposited as earnest money, demand draft for cost of bid document and other relevant documents provided by the Bank are authentic.

b. Information regarding financial qualification and annual turnover is correct.

c. Information regarding various technical qualifications is correct.

3 No close relative of the undersigned and our firm/company is working in the department.

OR

Following close relatives are working in the department:

Name __________ Post ______________ Present Posting ________

**Signature with Seal of the Deponent (bidder)**

I/ We, ______________ above deponent do hereby certify that the facts mentioned in above paras 1 to 4 are correct to the best of my knowledge and belief.

Verified today ________ (dated) at ________ (place).

**Signature with Seal of the Deponent (bidder)**

Note: Affidavit duly self signed in original shall reach at least one calendar day before opening of the bid.

परिशिष्ट–दो

# चेक लिस्ट

(निविदाकार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों हेतु चेक लिस्ट। यह चेक लिस्ट लिफाफा–अ में भौतिक रूप से तथा ऑनलाईन प्रस्तुत की जावेगी)

1. सिस्टम निविदा क्रमांक – ..........................................................
2. कार्य का नाम – ..........................................................
3. निविदाकार का नाम – ..........................................................
4. उपरोक्त निविदा के अंतर्गत उल्लेखित कार्य के लिये निम्नानुसार दस्तावेज निविदा के साथ निर्धारित लिफाफों में ऑनलाईन संलग्न (**Online Attach**) किये गये है :–

| क्र. | दस्तावेज | संलग्न (है / नहीं) **Online Attached (Yes/No)** |
|---|---|---|
| 1. | ई.एम.डी. | |
| 2. | बिड के साथ जमा किये गये दस्तावेजों की सत्यता बावत निविदाकार का शपथ पत्र मूल प्रति में | |
| 3. | निविदाकार के पंजीयन (Registration) / पंजीयन हेतु आवेदन का साक्ष्य (दस्तावेज) की स्व–प्रमाणित छायाप्रति | |
| 4. | अपेंडिक्स 2.10 की निविदाओं के लिये निर्धारित प्रारूप में (Annexure–H) अपनी संस्थागत जानकारी (Organisational Details) | |
| 5. | निविदा प्रपत्र क्रय करने की रसीद | |
| 6. | Envelope-B Annexure – I (1–5) | |
| 7. | Envelope-C | |

निविदाकार के सील सहित हस्ताक्षर

........................................

परिशिष्ट–तीन

# FORMAT FOR DECIDING TECHNICAL QUALIFICATION (Envelope-B) OF BIDDER

**Office of the Executive Engineer:** P.H.E. Division

System Generated NIT No.: _______ (NIT NO.________________/PHED/2016-17 Dated __.__.20__)

Name of work : ......

P.A.C. (Rs. In Lakhs): __.__ Lakh Period for Completion in months : .....
(including/excluding rainy season)

A.A. accorded by : No. : _________ dt. __.__.20__

Amount in Rs. Lakhs : _____.__

T.S.accorded by :

| S.No. | Name of Scheme | T.S. No./Date | T.S. Accorded by |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

Date of opening : Envelope-A : __.__.20__

Envelope-B : __.__.20__

Envelope-C : __.__.20__

No. of Call/Invitations for this work : ___ Call

Publicity of N.I.T. in newspaper : No. of papers published in : __ Nos. News papers as per Advt. No. G_______ Dated __.__.20__ of PR Department

India Level :

State level :

District Level :

Period of Validity of Bid (In Days) : ___ days

Expiry Date of Bid Validity __.__.20__

| S.No. | Particulars | Minimum Requirement | Contractor 1 | Contractor 2 | Attachment |
|---|---|---|---|---|---|
| Registration Details & Company Profile | | | | | |
| 1 | Contractor's Registration Details | Valid Registration or Applied for Registration | | | |
| 1.1 | Contractor is individual/Partenership firm/Limited Company/Corporation/ Group of firms/ Companies | | | | |
| 1.2 | Name | | | | |
| 1.3 | Registration No./Proof of Application on Registrations | | | | |
| 1.4 | Date of Registration | | | | |
| 1.5 | Category (Old and New) | | | | |
| 1.6 | Complete Present Address | | | | |
| 1.7 | Name/names of Competent person/ authority/authorities authorized to sign of bid | | | | |

क्रमशः .....9

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.8 | Is authorisation letter is required if Yes details thereon | | | | |
| 1.9 | Is Contractor in the latest list of Blacklisted Contractor | | | | |
| 1.10 | Is Contractor in the latest list of Suspended Contractor | | | | |
| **Bid Security & EMD Details** | | | | | |
| 2 | Qualification Part I | | | | |
| 2.1 | EMD Details (FDR/e-FDR/DD/Interest bearing of Post Office) | | | | |
| 2.2 | EMD No. & Date | | | | |
| 2.3 | Issuing Bank/Post Office | | | | |
| 2.4 | Amount of EMD (In Rs.) | | | | |
| 2.5 | Validity of EMD (Should not be less than bid validity period) | | | | |
| 2.6 | Notarised Affidavit Submitted | | | | |
| 2.7 | If applied in JV, then JV agreement on Rs. 1000/- with power of attorney on Rs. 500/- non-judical stamp duly notarized submitted in original? (note: Power of attorney should be in the name of the same person by whom the bid is Digitally signed) | - | - | - | |
| **Technical & Financial Qualification Details:** | | | | | |
| 3 | Qualification Part 2 : | | | | |
| 3.1 | Similar Work executed in last 3 years in Rs. lakhs. | 50% of probable Amt. of contract i.e. Rs. | | | |
| 3.1.1 | 2014-15 | | | | |
| 3.1.2 | 2015-16 | | | | |
| 3.1.3 | 2016-17 | | | | |
| 3.2 | Average annual construction turnover i/c weightage @ 10% per year Rs. in lakhs | @ 50% of PAC i.e. Rs. | | | |
| 3.2.1 | 2014-15 | | | | |
| 3.2.2 | 2015-16 | | | | |
| 3.2.3 | 2016-17 | | | | |
| 3.2.4 | Average of 3 Finanacial Years | | | | |
| 3.3 | Physical Qualifications | | | | |
| 3.3.1 | Executed similar items of work during the last 3 financial years | | | | |
| | Pipe Line laying and jointing work Total length of pipe line in the scope of work = ______ Mtrs | | | | |
| | 2014-15 | | | | |
| | 2015-16 | | | | |
| | 2016-17 | | | | |
| | **Total Length :-** | | | | |
| 3.4 | Maximum of Civil Engineering works executed in any one year during the last 3 year i/c 10% weightage per year. (A) | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3.5 | Amount of Work in Hand (C) | | ___.__ Lakh | | |
| 3.6 | Proposed contract period in years<br>(Minimum contract period for bid capacity calculation = 1 year) | Minimum contract - period for bid capacity calculation = 1 year | | | |
| 3.7 | Bid Capacity | | ___.__ Lakhs | | |
| **4** | **Finding / Conclusions :-** | Qualified/<br>Disqualified | | | |
| 5 | Reason for Disqualification | 1. Physical qualification | | | |
| | | 2. Work in hand | | | |
| | | 3. Format I-1, I-2 as per clause 14 of Section 2-ITB | | | |
| | | 4. Bid capacity | | | |

Executive Engineer,
P.H.E. Division, .........

सिस्टम निविदा क्रमांक .............................. के तकनीकी प्रस्तावों के विश्लेषण का विवरण तथा समिति द्वारा लिया गया निर्णय : –

कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉत्रिकी खण्ड .......... द्वारा निविदाकार के तकनीकी प्रस्तावों लिफाफा –''अ'' एवं ''ब'' के परीक्षण उपरांत उपरोक्त तालिका में वर्णित तकनीकी रूप से M/s ..................... से पात्र /अपात्र (Qualified/diqualified) निविदाकार का लिफाफा–''स'' खोलने/नहीं खोलने का निर्णय समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया।

सदस्य

(................)
वरिष्ठ लेखा लिपिक (एस.ए.सी.)
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी
खण्ड –...........................

सदस्य

(................)
सहायक यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी
उपखण्ड– ................

सदस्य सचिव

(......................)
संभागीय लेखाधिकारी
कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी
खण्ड–.........................

अध्यक्ष

(......................)
कार्यपालन यंत्री
कार्यालय कार्यपालय यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी
खण्ड–..................

परिशिष्ट–चार

## निर्माण कार्य हेतु आंमत्रित निविदाओं का वित्तीय प्रस्ताव (लिफाफा–स) का एजेण्डा नोट एवं न्यूनतम दर का विश्लेषण

1. सिस्टम निविदा सूचना क्रमांक :– ..........................................................................
2. लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी खण्ड :– ..........................................................................
3. प्रशासकीय स्वीकृति क्रमांक एवं दिनांक :– ..........................................................................
4. तकनीकी स्वीकृति क्रमांक एवं दिनांक :– ..........................................................................
5. निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक एवं दिनांक :– ..........................................................................
6. निविदा प्राप्त होने की तिथि :– ..........................................................................
7. निविदा के अनुसार कार्य की लागत (रूपये) :– ..........................................................................
8. अमानत राशि (रूपये) :– ..........................................................................
9. वित्तीय आफर खुलने का दिनांक :– .................................. स्थान : ....................................

10.तकनीकी रूप से अर्हय निविदाकारों के वित्तीय प्रस्तावों का विवरण :–

| क्र. | निविदाकार का नाम | श्रेणी | निविदाकार द्वारा दी गई बिड (फार्म एफ में) (रूपये में) | निविदाकार द्वारा दी गई बिड (फार्म 2.10 में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स | | | ............ प्रतिशत +/- | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. वित्तीय आफर का परीक्षण किया गया। निविदाकार ने निर्धारित निविदा प्रपत्र पर ही निविदा प्रस्तुत की है। निविदा प्रपत्रों में निविदाकार द्वारा किसी प्रकार का बदलाव नही किया गया है, न कोई नई शर्त जोड़ी गई हैं *(आवश्यकतानुसार जानकारी यहॉं प्रस्तुत करें)*।

12. प्राप्त निविदा के संबंध में टीप दें जिसमें निम्न जानकारी दी जाना आवश्यक है।

**क.** यदि पूर्व में निविदा की जा चुकी है तो उसमें प्राप्त न्यूनतम दर :–
*(उदाहरण हेतु यह पंचम आमंत्रण है। इसके पूर्व द्वितीय आमंत्रण में एकल निविदा यू.एस.आर. w.e.f.20.03.2009 से 10.16 प्रतिशत (दस दशमलव एक छः) प्राप्त हुई थी। निविदा के प्रथम, तृतीय एवं चतुर्थ आमंत्रण में कोई निविदा प्राप्त नहीं हुई ......... आदि)*

**ख.** खण्ड के अंतर्गत पूर्व में समान प्रकृति के कार्यो के लिये अन्य निविदाओं में प्राप्त दरों का विवरण –.........................................

ग. यदि निविदा पहली बार आमंत्रित की गई है तो पिछले वर्ष समान प्रकृति के लिये स्वीकृत दरें – ..............

13. निविदा में प्राप्त दरों की स्वीकृति / अस्वीकृति के संबंध में औचित्य बताते हुए अनुशंसा :–

*(उदाहरण हेतु – यह निविदा का पंचम आमंत्रण है जो कि सागर जिले के बीना विकासखण्ड का है। इस निविदा के अंतर्गत एकल निविदा प्राप्त हुई। म.प्र. लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी विभाग के वर्ष 2016 के एस.ओ.आर. पर प्राक्कलन तैयार किया गया है। जिसमें मेसर्स.................... से न्यूनतम निविदा राशि रू ........... प्राप्त हुई है जो प्राक्कलन से 19.95 (उन्नीस दशमलव नौ पॉंच) प्रतिशत अधिक है। विगत चार निविदा आमंत्रण में से मात्र एक बार द्वितीय आमंत्रण में निविदा प्राप्त हुई थी जो एस.ओ.आर. से 20.16 प्रतिशत अधिक होने से निरस्त कर दी गई थी। पंचम आमंत्रण में एकल निविदाकार मेसर्स ......................... द्वारा दी गई दर अधिक होने से उचित प्रतीत नहीं होती है। अतः निविदा अस्वीकृत करने की अनुशंसा की जाती है।)*

*कार्यपालन यंत्री*
*लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी*
*खण्ड, ..............*

14. निविदा पर समिति के विश्लेषण का विवरण तथा समिति द्वारा लिया गया निर्णय :–
.................................................................................................................................................
.................................................................................................................................................

सदस्य

(................)
वरिष्ठ लेखा लिपिक (एस.ए.सी.)
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी
खण्ड –...........................

सदस्य

(................)
सहायक यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी
उपखण्ड– ................

सदस्य सचिव

(......................)
संभागीय लेखाधिकारी
कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी
खण्ड–......................

अध्यक्ष

(......................)
कार्यपालन यंत्री
कार्यालय कार्यपालय यंत्री
लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकी
खण्ड–..................

15/6/2017